**प्रायोगिक सूक्ष्मतरंग इलेक्ट्रॉनिक अभियांत्रिकी तथा अनुसंधान संस्था**
(इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक स्वायत्त सोसायटी)

## महानिदेशक के पद को भरने के लिए विज्ञापन

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) **महानिदेशक, समीर** के पद को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**प्रायोगिक सूक्ष्मतरंग इलेक्ट्रॉनिक अभियांत्रिकी तथा अनुसंधान संस्था** (समीर), जिसका मुख्यालय मुंबई में है, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त वैज्ञानिक सोसायटी की स्थापना इलेक्ट्रॉनिकी विभाग (अब इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय) द्वारा रैखिक त्वरक, रडार आधारित इंस्ट्रूमेंटेशन, वायुमंडलीय रिमोट सेंसिंग और मौसम विज्ञान, आरएफ और माइक्रोवेव सिस्टम और घटक, नेविगेशनल एड्स, फोटोनिक्स, ईएमआई / ईएमसी और अन्य सम्बद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास करने के लिए की गई थी। समीर के मुख्य उद्देश्यों में से एक देश में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स विकास को प्रोत्साहित करना और बढ़ावा देना है, और वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास, शिक्षा, वाणिज्यिक और औद्योगिक अनुप्रयोग के प्रचार और माइक्रोवेव प्रौद्योगिकी और उत्पादों का व्यापक उपयोग के माध्यम से इस क्षेत्र में सामान्य अत्याधुनिक को आगे बढ़ाना है। समीर के मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, विशाखापत्तनम और गुवाहाटी में पांच केंद्र हैं, जिनमें से प्रत्येक का अपना विशेष अधिदेश है।

महानिदेशक सोसायटी के मुख्य कार्यकारी होते हैं तथा अधिशाषी परिषद/कार्यकारी समिति के निर्णयों को लागू करने, सोसाइटी के समुचित प्रबंधन के लिए नीतियां और योजनाएं तैयार करने के लिए इसके पास प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां हैं। महानिदेशक के कार्य संबंधी दायित्व निम्नानुसार हैं :-

(क) महानिदेशक अधिशासी परिषद के समग्र मार्गदर्शन में समीर के समग्र प्रबंधन और संचालन के लिए जिम्मेदार होंगे।

(ख) महानिदेशक को पेशेवर रूप से योग्य टेक्नोक्रेट और प्रबंधन पेशेवरों के एक समूह का नेतृत्व करने की आवश्यकता होगी।

(ग) महानिदेशक, सोसायटी की वार्षिक योजनाएँ, बजट आदि तैयार करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

(घ) महानिदेशक ऐसी कार्यकारी और वित्तीय शक्तियों का प्रयोग करेंगे जो उप-नियमों में निहित हैं या शासी परिषद द्वारा उन्हें सौंपे गए हैं।

(ड.) महानिदेशक शासी परिषद के सदस्य सचिव होंगे।

महानिदेशक, समीर का पद वेतन मैट्रिक्स में लेवल 14 (1,44,200-2,18,200 रु.) के वेतनमान में है और इसे सीधी भर्ती/आमेलन/प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) के आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है। सीधी भर्ती/आमेलन पद्धति से भरे गए पद का कार्यकाल अधिवर्षिता की आयु (समीर के लागू नियमों के अनुसार) तक होगा और यदि पद प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) पद्धति से भरा जाता है तो कार्यकाल आरम्भतः 5 वर्ष तक का होगा या सेवानिवृत्ति की आयु तक, जो भी पहले हो।

पात्रता मापदंड

शैक्षिक योग्यता और अनुभव

क. *सीधी भर्ती के लिए*

(I) शैक्षिक योग्यता और अनुभव

इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल्स/इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार / माइक्रोवेव संचार / आरएफ और माइक्रोबेब के क्षेत्र में अभियंत्रिकी/ टेक्नोलॉजी में मास्टर डिग्री के साथ आरएफ / माइक्रोवेव संचार / मिलीमीटर वेव / संचार / ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिक्स / फोटोनिक्स / वायुमंडलीय विज्ञान / रडार सिस्टम / इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंटरफेरेंस (ईएमआई) / इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कम्पैटिबिलिटी (ईएमसी) / इलेक्ट्रोमैग्नेटिक पल्स (ईएमपी), इलेक्ट्रोमैग्नेटिक और एंटीना डिजाइन के क्षेत्रो में योग्याता पश्चात 22 वर्षों का अनुभव ।

या

योग्यता पश्चात 17 वर्षों के अनुभव के साथ इन विषयों में से किसी एक में पीएचडी ।

(ख) आवश्यक अनुभव

उम्मीदवार को वरिष्ठ प्रबंधन क्षमता में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

**(II)** वांछनीय : प्रकाशनों के साथ अनुसंधान एवं विकास में अनुभव।

ख. *आमेलन/ प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के लिए*

प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती के मामले में, केंद्र सरकार या राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त निकायों के अधिकारी:-

1. (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हों;

या

(ii) मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स में लेवल -13क (1,31,100 -2,16,600 रुपये) के वेतनमान में 3 साल की नियमित सेवा के साथ;

तथा

2. सीधी भर्ती के लिए निर्धारित योग्यता और अनुभव रखने वाले।

**नोट -1**: केंद्र सरकार के उसी या अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य एक्स-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक अनुबंध सहित) सामान्य रूप से पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**नोट-2:** प्रतिनियुक्ति/प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 58 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

**नोट-3:** आमेलन के आधार पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

2. <u>आयु सीमा:</u>

आवेदन की अंतिम तिथि पर:-

(i) सीधी भर्ती के लिए: 50 वर्ष।

अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए, सीधी भर्ती पद्धती (यानी 50 + 5 साल की छूट) के लिए आयु सीमा 55 साल होगी।

(ii) प्रतिनियुक्ति/प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित): 58 वर्ष।

(iii) आमेलन के लिए: 56 वर्ष।

**नोट 1:** सरकारी कर्मचारियों को दी जाने वाली आयु-सीमा छूट, समय-समय पर जारी डीओपीटी के निर्देशों के अनुसार शासित होगी।

**नोट 2:** एमईआईटीवाई के अंतर्गत स्वायत्त सोसाइटियों के सेवारत कर्मचारियों को सीधी भर्ती के मध्यम से आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट।

**नोट 3:** आयु सीमा निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तिथि भारतीय उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी और न कि दूरस्थ क्षेत्रों जैसे कि असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिला और पंगी उप-विभाग चंबा जिला, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र, अंडमान निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र या लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए अंतिम निर्धारित तारीख होगी।

**3. सामान्य बातें:**

(i) आवेदन, सभी मामलों में पूर्ण, प्रमाण पत्रों की साक्ष्यांकित प्रतियों, योग्यता, अनुभव, जन्म तिथि आदि से संबंधित प्रतियों के साथ निर्धारित प्रोफार्मा में अंतिम तिथि तक या उससे पहले पहुंच जाना चाहिए। इस प्रयोजन के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन बाद होगी। इसके अतिरिक्त, आवेदन वाले लिफाफे पर "महानिदेशक (समीर), पद के लिए आवेदन" का उल्लेख किया जाना चाहिए तथा संयुक्त निदेशक (एबीसी डिवीजन), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6–सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली -110003, को संबोधित होना चाहिए।

(ii) असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिला और पंजी उप-प्रभाग चंबा जिला, अंडमान निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र या लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र के आवेदकों के लिए अंतिम तिथि आवेदन प्राप्त होने की **निर्धारित अंतिम तिथि से 15 दिन बाद होगी।**

(iii) जो लोग सरकार/पीएसयू/स्वायत्त निकायों में काम कर रहे हैं, उन्हें अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजना आवश्यक है साथ में पांच वर्षों के एपीएआर की प्रतियों के साथ सतर्कता/अनुशासनिक अनापत्ति जो किसी ऐसे अधिकारी द्वारा सत्यापित किए गए हों, जो अवर सचिव या समकक्ष के रैंक से नीचे न हो। अधिकारी की सत्यनिष्ठा को भी प्रमाण पत्र के साथ प्रमाणित किया जाए कि कहीं उस पर कोई छोटी/बड़ी शास्ति तो अधिरोपित नहीं की गई है।

<u>नोट:-</u>

i. ऐसे आवेदन जो विज्ञापन में बताई गई न्यूनतम आवश्यकता के अनुरूप और उचित प्रोफार्मा के अनुरूप भी नहीं होंगे, अस्वीकृत कर दिए जाएंगे।

ii. केवल अल्प सूचीबद्ध उम्मीदवारों को निजी परस्पर संवाद के लिए बुलाया जाएगा। सिर्फ विज्ञापन में निर्धारित आवश्यकताओं की पूर्ति, उम्मीदवार को निजी परस्पर संवाद के लिए बुलाए जाने की अर्हता प्रदान नहीं करती है।

iii. उम्मीदवारों की शार्टलिस्टिंग शैक्षिक योग्यता, आवश्यक पद योग्यता अनुभव, वरिष्ठ प्रबंधन क्षमता में अनुभव, किसी भी संगठन के प्रमुख, भारत सरकार की नीतियों और कॉर्पोरेट प्रबंधन का ज्ञान, प्रकाशित वैज्ञानिक पेपर्स, पुरस्कार और मान्यता, पेटेंट / कॉपीराइट / ट्रेडमार्क आदि और विजन स्टेटमेंट के आधार पर किया जाएगा।

उम्मीदवार इस विज्ञापन के संबंध में आवेदन प्रपत्र और अन्य विवरणों के लिए निम्नलिखित वेबसाइटों का सन्दर्भ ले सकते हैं :

www.meity.gov.in ; www.sameer.gov.in ; www.persmin.gov.in ; और www.ncs.gov.in

*******